# कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

(महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी प्रकोष्ठ)

क्रमांक/ 1195 /ज.प./मनरेगा/स्था./2020–21 खरसिया, दिनांक 07-12-2020

## :: विज्ञापन ::

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजनांतर्गत जिला पंचायत रायगढ़ का पत्र क्रमांक/7213/ जि.प./मनरेगा/स्था./2020–21 रायगढ़ दिनांक 13/10/2020 के निर्देशानुसार जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम पंचायतों में रिक्त ग्राम रोजगार सहायक के पदों की पूर्ति के लिए ग्राम रोजगार सहायक (संविदा) की नियुक्ति की जानी है जिसके लिये इस कार्यालय से विज्ञापन जारी कर संबंधित ग्राम पंचायत के स्थानीय निवासियों से निर्धारित प्रवर्ग के इच्छूक उम्मीद्वारों दिनांक 08/12/2020 से दिनांक 22/12/2020 तक समय सांय 5:30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छूक उम्मीद्वार ग्राम रोजगार सहायक (संविदा) पद हेतु निर्धारित प्रपत्र में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन करें, आवेदन दिनांक 22/12/2020 शाम 05:30 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**रिक्त ग्राम पंचायतों का नाम व आरक्षण की स्थिति :**

| क्र. | रिक्त ग्राम पंचायत का नाम | आरक्षित प्रवर्ग | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बांसमुड़ा | अनारक्षित | 01 |
| 2 | बिलासपुर | पिछड़ा वर्ग | 01 |
| 3 | चोढ़ा | अनारक्षित | 01 |
| 4 | छोटेदेवगांव | अ.ज.जा. | 01 |
| 5 | दर्री | अ.जा.(महिला) | 01 |
| 6 | ढिमानी | अ.ज.जा. | 01 |
| 7 | डोमनारा | अनारक्षित | 01 |
| 8 | घघरा | पि.वर्ग | 01 |
| 9 | जोबी | अ.ज.जा. | 01 |
| 10 | काफरमार | अनारक्षित | 01 |
| 11 | मदनपुर | अनारक्षित | 01 |
| 12 | मीनगांव | अ.ज.जा. | 01 |
| 13 | मुरा | अनारक्षित | 01 |
| 14 | पतरापाली | अनारक्षित | 01 |
| 15 | रजघट्टा | पि.वर्ग | 01 |
| 16 | रतनमहका | अ.ज.जा. | 01 |
| 17 | सूती | पि.वर्ग | 01 |
| 18 | तेन्दुमुड़ी | अनारक्षित | 01 |
| 19 | तुरेकेला | अ.ज.जा. | 01 |

**पद :– ग्राम रोजगार सहायक (संविदा)**

**न्युनतम शैक्षणिक योग्यता** (अ.ज.जा. एवं अ.जा. हेतु 10 वीं उत्तीर्ण)

(अन्य पिछड़ा वर्ग व अनारक्षित हेतु 12 वीं उत्तीर्ण)

Scanned with CamScanner

नियम शर्तें व आवश्यक अर्हतायें।

1. उक्त संविदा नियुक्ति दिनांक 28/02/2021 तक के लिये होगी। एवं पूर्णतः अस्थायी होगी। आवश्कता के आधार पर नियुक्त ग्राम रोजगार सहायक की उपयुक्तता का आंकलन कर सेवा की अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाते हुये सेवा वृद्धि की जा सकेगी। परन्तु शासन द्वारा नियुक्ति नियम में कोई परिवर्तन किया जाता है तो वह बंधनकारी होगी। नियुक्त व्यक्ति छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होगा।

2. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता**– अनुसूचित जन जाति एवं अनुसूचित जाति के लिये 10 उत्तीर्ण एवं अनारक्षित तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 12 उत्तीर्ण एवं कण्डिका 03 के आधार पर अंको का निर्धारण किया जावेगा।

3. **चयन प्रकिया।** 100 अंक वाली मेरिट सूची तैयार कर की जावेगी। जो निम्नानुसार होगी :-

| | | |
|---|---|---|
| अ. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त अंकों का अधिभार | – | 70 प्रतिशत्। |
| ब. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान मानदेय पर कार्य का अनुभव पर 06 माह के लिए 05 अंक एवं 06 माह से अधिक पर प्रत्येक 06 माह हेतु 01 के आधार पर अधिकतम 15 अंक | – | 15 अंक। |
| स. मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षिय कम्प्यूटर डिप्लोमा /सर्टिफिकेट (पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./आई.टी.आई.(कोपा)) | – | 15 अंक। |
| अथवा | | |
| पंचायत सह डाटा एण्ट्री आपरेटर के पद पर कम से कम छः माह का अनुभव पर | – | 15 अंक। |

4. ग्राम रोजगार सहायक को एक मुश्त वेतन 5000/– मानदेय होगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य भत्ता नही दिया जावेगा।

5. एक ग्राम पंचायत में केवल एक ही ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति की जानी है एवं उसी ग्राम पंचायत के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी।

6. अ.जा./अ.ज.जा. महिला अभ्यर्थी नही होने पर उसी प्रवर्ग के पुरूष अभ्यर्थी लिये जायेगें।

7. उक्त पद हेतु उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य है। विज्ञापित ग्राम पंचायतों में पात्र अभयर्थी के आवेदन प्राप्त नही होने पर उनके स्थान पर जनपद पंचायत क्षेत्र से प्राप्त आवेदन के अभ्यर्थी का मेरिट अनुसार चयन कर नियुक्ति किया जावेगा।

8. आवेदक आवेदन पत्र में आवश्यक वांछित प्रमाणपत्रों व अंक सूची में स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि सहित स्व–हस्ताक्षरित आवेदन पत्र ही प्रस्तुत करें।

9. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग/सामान्य वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों की पुष्टि में प्राधिकृत अधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

10. निवास पमाण पत्र हेतु आवेदक को प्राधिकृत अधिकारी/तहसीलदार द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

11. ग्राम रोजगार सहायक तथा पंचायत सह डाटा एण्ट्री आपरेटर के पद पर कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

12. रोजगार कार्यालय में उम्मीदवार का पंजीयन जीवित होना अनिवार्य है। जिसके लिये स्व प्रमाणपत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

Scanned with CamScanner

13. आयु सीमा 01.01.2020 की स्थिति में 18 वर्ष से कम व 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु सीमा में छूट की पात्रता शासन के नियमानुसार दिया जावेगा।

14. आवेदन पत्र स्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए। अपूर्ण/ अस्पष्ट/ त्रुटिपूर्ण/ अधूरा आवेदन होने पर आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा इसकी कोई पूर्व सूचना नही दी जावेगी।

15. कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ का पत्र कमांक/86/जि.प./मनरेगा/स्था./2018-19 रायगढ़ दिनांक 11/04/2018 के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों के अनुभव के सबंध में सम्बंधित कार्यालय से संक्षिप्त एवं कार्यकुशलता के संबंध में अभिमत प्राप्त किया जावेगा। विपरित अभिमत प्राप्त होने पर अभ्यर्थी के चयन पर विचार नही किया जावेगा।

16. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में मनरेगा योजनांतर्गत वित्तीय अनियमितता के कारण ग्राम रोजगार सहायक पद या अन्य पद से पृथक किया गया हो अथवा संविदा सेवावृद्धि नहीं की गई हो या बर्खास्त किया गया हो, उस आवेदक का आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

17. आवेदन पत्र में अभयर्थी को पासपोर्ट साईज का हाल ही में खिंचाया गया फोटो चस्पा करना अनिवार्य है।

18. नियुक्ति के पूर्व संलग्न समस्त आवेदन पत्रों की मूल प्रमाण पत्रों की जांच सही पाये जाने पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया जावेगा।

19. शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय में कार्यरत होने पर नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20. उक्त भर्ती प्रकिया चयन समिति की देखरेख में की जानी है। किसी भी विवाद की स्थिति में प्राप्त आवेदनों के सबंध में चयन समिति / अद्योहस्ताक्षर कर्ता का निर्णय सर्वमान्य होगा।

21. आवेदक लिफाफे के उपर " पद का नाम - ग्राम रोजगार सहायक " ग्राम पंचायत का नाम जिसके लिये आवेदन कर रहे है। " प्रवर्ग का नाम " अपना नाम व पता स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। तथा स्वंय का पता लिखा हुआ 05-05 रूपये का 02 लिफाफा टिकट सहित संलग्न करना होगा।

22. ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

23. विज्ञापन से संबंधित अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन सूचना पटल एवं ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर देखे जा सकते है।

कार्यक्रम अधिकारी
जनपद पंचायत खरसिया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, खरसिया

पृ. कमांक/ 1196 /स्था./मनरेगा//ज.पं./2020-21 खरसिया, दिनांक 07/12/2020

प्रतिलिपि :

1. कलेक्टर, कार्यक्रम समन्वयक जिला रायगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
3. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरसिया को सादर सूचनार्थ।
4. जिला रोजगार अधिकारी जिला रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
5. जिला जन सम्पर्क अधिकारी जिला रायगढ़ को प्रेष विज्ञप्ति हेतु सूचनार्थ।
6. अध्यक्ष महोदय जनपद पंचायत खरसिया को सूचनार्थ।
7. सर्व सरपंच/सचिव/ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जनपद पंचायत खरसिया को सूचनार्थ एवं अपने ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कर ग्राम में मुनादी कराने हेतु पालनार्थ अग्रेषित।

कार्यक्रम अधिकारी
जनपद पंचायत खरसिया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, खरसिया

Scanned with CamScanner

# ग्राम रोजगार सहायक (संविदा) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

नवीनतम पासपोर्ट साईज का स्वप्रमाणित वर्तमान फोटो चिपकाएं

1. आवेदित ग्राम पंचायत का नाम – ..........
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) – ..........
3. आवेदक का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में – ..........
4. आवेदक के पिता/पति का नाम – ..........
5. जाति (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) – ..........
6. जन्म तिथि (अंको में) – ..........
   (शब्दों में) – ..........
7. आयु 01.01.2020 के अनुसार वर्ष ..........माह..........दिन..........
8. लिंग (पुरूष/महिला) – ..........
9. क्या आवेदक विकलांग है? हां/नहीं – ..........
   यदि हां तो विकलांग का प्रकार ..........प्रतिशत् ..........
10. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां/नहीं – ..........
11. पत्र व्यवहार का पूरा पता – ..........
    ..........
    ..........
12. स्थायी पता – ..........
    ..........
    .......... मो.नं. ..........
13. शैक्षणिक योग्यता –

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत् | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

Kharsia 007



P.O.
M.G.N.R.E.G.A.
KHARSIA

C.E.O.
Kharsia

Scanned with CamScanner

14. कम्प्युटर डिप्लोमा का विवरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत् | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

15. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य का अनुभव :–

| अनुभव कार्यालय का नाम | विभाग का नाम | पदनाम | अनुभव की अवधि | | कुल अवधि | नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र का कमांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | | |
| | | | | | | |

16. पंचायत सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर अनुभव का विवरण :–

| जनपद पंचायत का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | पदनाम | अनुभव की अवधि | | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | |
| | | | | | |

17. रोजगार कार्यालय का नाम – ..............................................................

जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक ..............................................................

18. क्या अधिकतम आयु सीमा में छूट चाहते हैं ? हां / नहीं ..............................................................

यदि हां तो किस श्रेणी से उल्लेख करें – ..............................................................

19. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है ? हां / नहीं ..............................................................

20. स्थानीय निवास का विवरण – (क) ग्राम का नाम .................... ..............(ख) ग्राम पंचायत का नाम ..........................
विकास खण्ड– का नाम, ................................ जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

21. क्या आवेदक विवाहित है ? हां / नहीं – ..............................................................

यदि हां तो जीवित बच्चों की संख्या – ..............................................................

22. क्या आवेदक को पूर्व में वित्तीय अनियमितता के आधार पर पद से पृथक किया गया है अथवा उनकी संविदा



कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया
P.O.
N.R.E.G.A.
C.E.O.
Kharsia

Scanned with CamScanner

सेवा वृद्धि नहीं की गई है, यदि हां तो जानकारी देवें – ....................................................................................................

23. स्वप्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची –

1. ..........................................................................................
2. ..........................................................................................
3. ..........................................................................................
4. ..........................................................................................
5. ..........................................................................................
6. ..........................................................................................
7. ..........................................................................................
8. ..........................................................................................
9. ..........................................................................................
10. ..........................................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

आवेदक का नाम...........................................

**घोषणा–पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक अनुसार सत्य है, यदि गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उनका निर्णय मुझे मान्य होगा।

स्थान :– ..........................................

दिनांक :– ..........................................

आवेदक का हस्ताक्षर

(आवेदक का नाम, पूरा पता)



P.O.
N.R.E.G.A.
KHARSIA

C.E.O.
Kharsia

Scanned with CamScanner